# साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय
# बरेली

## महाविद्यालयीय समाचार-पत्र



## 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024

# प्राचार्या का संदेश



प्रिय
छात्राओं, शिक्षकगण, अभिभावक, और महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यगण,

मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय का यह त्रैमासिक ई-न्यूज़लेटर (1 अक्टूबर 2024 से 31 दिसंबर 2024) आपके समक्ष प्रस्तुत हो रहा है। यह हमारे महाविद्यालय की उपलब्धियों, छात्राओं की असाधारण प्रतिभा, और सामुदायिक योगदान को उजागर करने का एक सशक्त माध्यम है।

इस तिमाही के दौरान हमने शैक्षिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक गतिविधियों की एक श्रृंखला का सफल आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत "आत्मनिर्भर भारत" विषय पर भाषण प्रतियोगिता हो, गांधी दर्शन संगोष्ठी, या स्वच्छता पखवाड़ा—इन सभी गतिविधियों ने छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व, और सामाजिक जागरूकता को विकसित किया है। गांधी और शास्त्री जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं ने महापुरुषों के जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत किए। वहीं, "मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता" कार्यक्रम और "परीक्षा भय एवं तनाव" पर कार्यशाला जैसे प्रयासों ने हमारे छात्र समुदाय की समग्र भलाई को प्राथमिकता दी।

इस अवधि में खेलों में भी महाविद्यालय ने अपने परचम लहराए। अंतरमहाविद्यालयीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हमारी टीम ने विजयी स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि महाविद्यालय न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता में बल्कि खेल-कूद में भी अग्रणी है।

हमारा मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज में सकारात्मक योगदान देना है। यह न्यूज़लेटर इसी दिशा में हमारा एक कदम है, जो आपकी प्रेरणा और सहयोग से संभव हो पाया है।

मैं समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों, और सहकर्मियों को उनके प्रयासों और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूं। यह महाविद्यालय परिवार का सामूहिक प्रयास है, जो हमें हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम तक पहुंचा रहा है।

आइए, हम सब मिलकर शिक्षा और नवाचार के माध्यम से साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लें।

शुभकामनाओं सहित,
**प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा**
प्राचार्या

# संपादकीय



प्रिय पाठकों,

यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि कि साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली का यह ई-न्यूज़लेटर हमारे शैक्षणिक, सांस्कृतिक, और शोध गतिविधियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर आपके समक्ष प्रस्तुत हो रहा है। यह न्यूज़लेटर हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों, और पूरे महाविद्यालय परिवार द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों का दस्तावेज है।

"आत्मनिर्भर भारत" विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता ने छात्राओं को न केवल अपनी वाणी-कला के माध्यम से विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के महत्व को समझने का भी मंच प्रदान किया। इसी प्रकार गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और "गांधी दर्शन के विविध आयाम" पर संगोष्ठी ने छात्राओं को हमारे राष्ट्रीय आदर्शों के प्रति प्रेरित किया। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित डांडिया महोत्सव ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया, जबकि "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा ने छात्राओं को सामुदायिक सेवा के महत्व से अवगत कराया। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और "परीक्षा भय एवं तनाव" पर कार्यशाला ने छात्राओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाई, जो कि आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

महाविद्यालय में आयोजित अंतरमहाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता और कहानी लेखन प्रतियोगिता ने यह प्रमाणित किया कि छात्राएं न केवल शैक्षिक गतिविधियों में बल्कि खेलों और साहित्यिक रचनाओं में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं। यह महाविद्यालय की शैक्षिक दृष्टि और छात्राओं के भीतर छिपी बहुमुखी प्रतिभा का परिचायक है।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम यह दर्शाते हैं कि यहां की शैक्षिक दृष्टि केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में भी कार्यरत है। इन आयोजनों ने छात्राओं को न केवल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें सामाजिक और नैतिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील भी बनाया।

मैं साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के समर्पित शिक्षकों, प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा के नेतृत्व, और छात्राओं की लगनशीलता की सराहना करती हूं, जिन्होंने इन कार्यक्रमों को सफल बनाया। यह महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों के माध्यम से समाज निर्माण की दिशा में अग्रसर रहेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

डॉ० प्रतिमा सिंह
प्रधान संपादिका

**1 अक्टूबर 2024**

## एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने 'आत्मनिर्भर भारत' पर प्रस्तुत किये अपने विचार

आज दिनांक 01/10/2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ०. अनीता व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ०. प्रीति सिंह के संयुक्त तत्वावधान में "आत्मनिर्भर भारत" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा 40 छात्राएं उपस्थित रहीं। संचिता शर्मा, अनुष्का गुप्ता, वंदना चौधरी, वंदना माथुर, ईशा सक्सेना, प्रतिष्ठा पाठक, नीतू, प्रतिष्ठा पाठक तथा सलोनी गुप्ता आदि ने local for vocal, लघु उद्योगों का महत्व, आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभ अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा, प्रणाली, जीवंत जनसांख्यिकी और मांग आदि पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया। निर्णायक की भूमिका में संगीत विभाग की प्रो०. रुचि गुप्ता और डॉ०. दीपशिखा सिंह उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा पाठक ने प्रथम, अनुष्का गुप्ता एवं सिदरा अली ने द्वितीय तथा संचित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।




राष्ट्रीय सेवा योजना
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
भाषण प्रतियोगिता
"आत्मनिर्भर भारत"
दिनाँक - 01-10-2024
स्वच्छता ही सेवा 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
राष्ट्रीय सेवा योजना
vivo V30
10/01/2024, 11:23


राष्ट्रीय सेवा योजना
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
GPS Map Camera
Bareilly, Uttar Pradesh, India
9C6F+FC9, Pilikothi, Gangapur, Bareilly, Uttar Pradesh 243003, India
Lat 28.361207°
Long 79.42346°
01/10/24 11:13 AM GMT +05:30
Google

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 01/10/2024 को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा बी.ए.पाठ्यक्रम की  छात्राओं के लिये प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सामान्य ज्ञान संबंधित 12 विषयों जैसे भारतीय नागरिक के मूल अधिकार,लोक नृत्य,भारतीय भाषाएं,विभिन्न आयोग,भारतीय संविधान, ऐतिहासिक घटनाएं आदि को सम्मिलित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में सामान्य ज्ञान संबंधित विषयों के प्रति जागरूकता एवं जिज्ञासा उत्पन्न करना रहा, जिसमें बी .ए. की  छात्राओं में 28 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिनको टीम ए एवं बी दो टीमों  में विभाजित किया गया है। तत्पश्चात प्रतियोगिता प्रारंभ की गई एवं प्रतियोगिता विषय से संबंधित  प्रश्नों की श्रृंखला छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत की गई और एक-एक करके सभी प्रश्न पूछे गए। जिसमें टीम "ए" ने 23 प्रश्नों के सही उत्तर दिए एवं टीम "बी" ने 32 प्रश्नों का सही उत्तर दिया। इस प्रकार टीम "बी" विजयी घोषित हुई तथा टीम "ए" उपविजेता घोषित हुई। विजयी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की  प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेल्होत्रा के निर्देशन में हुआ। इस प्रतियोगिता का संचालन एवं संयोजन श्रीमती महिमा यादव द्ववारा किया गया।  प्रतियोगिता कार्यक्रम विभाग प्रभारी प्रो० राधा यादव, डॉ० ज्योति गुप्ता एवं डॉ० दिव्या यादव के सहयोग से संपन्न हुई।


TEAM
A
TEAM
B
HD
12:4


साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
शिक्षा शास्त्र परिषद

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में "गांधी दर्शन के विविध आयाम" विषय पर छात्रा संगोष्ठी का आयोजन

आज दिनांक 01.10.2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर "गांधी दर्शन के विविध आयाम" विषय पर छात्रा संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा एवं मुख्य अतिथि डॉ०. मिथिलेश मिश्रा, पूर्व विभागाध्यक्षा, राजनीति विज्ञान, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली एवं माननीय सचिव, लोक प्रशासन संस्थान, स्थानीय शाखा द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ अर्पण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा जी ने की । संगोष्ठी में लगभग 15 छात्राओं अनूरा, वंदना, आलिया, सुप्रिया, ईशा सक्सेना, तृप्ति, अक्षिता, भूमिका, शिवांगी, पूजा, वैष्णवी, अनुष्का, सलोनी, सिदरा अली, सोनी, अलीशा आदि ने गांधी दर्शन के विविध आयाम यथा सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, राम राज्य, न्यास सिद्धांत, राष्ट्रीय आंदोलन में गांधीजी की भूमिका, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, चंपारण सत्याग्रह, गांधी जी के महिलाओं के प्रति विचार, गांधी जी की रचनाओं आदि पर अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि डॉ० मिथिलेश मिश्रा जी ने अपने वक्तव्य में गांधी जी के जीवन के कुछ रोचक प्रसंग छात्राओं से साझा किए। उन्होंने छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा ने भी छात्राओं को गांधी दर्शन से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की कुमारी सोनिया हुसैन, डॉ०. प्रतिभा पाण्डेय, डॉ०. अनीता तथा श्रीमती शिल्पी शर्मा उपस्थित रहीं। अंत में प्रो०. प्रीती पाठक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती श्रद्धा मिश्रा द्वारा किया गया ।






राजनीति विज्ञान विभाग
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
दिनांक: 01.10. 2024
"गांधी जयंती" की पूर्व संध्या पर
'छात्रा संगोष्ठी'

**2 अक्टूबर 2024**

## गांधी जयंती समारोह का आयोजन

दिनांक 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती का पर्व महाविद्यालय प्रांगण के डिजिटल रूम में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें महाविद्यालय परिवार की समस्त शिक्षिका गण, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विभिन्न छात्राओं ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व को अपने वक्तव्य में पिरोकर सबके समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो० रुचि गुप्ता ने तथा संचालन डॉ० दीप शिखा (संगीत विभाग) द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में हुआ।






आज दिनांक 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर संजय कम्युनिटी हॉल बरेली में, जनपद स्तर पर ऑन द स्पॉट चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली के चित्रकला विभाग की छात्राओं - कोमल, कशिश, अंशिका, कल्पना ,विधि ,आशिया ,प्रियांशी ,लकी भास्कर, खुशी ,अर्चना, सोनी, गरमा आदि स्नातक व परास्ना तक की छात्राओं ने अपनी सफल भागीदारी दी ।






QUIT


साहू राम स्वरूप
बरेली
QUIT

## "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

आज दिनांक 02/10/2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ०. अनीता व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ०. प्रीति सिंह के संयुक्त तत्वावधान में " स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक (17/09/ 2024 से 02/ 10/2024 )तक "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के "स्वच्छता पखवाड़ा" के अंतर्गत आज 2 अक्टूबर 2024 को समापन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अनुपम मेहरोत्रा जी द्वारा ध्वजारोहण के साथ गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात दिनांक 01/09 2024 को आयोजित "आत्मनिर्भर भारत" शीर्षक पर "भाषण प्रतियोगिता" में प्रतिष्ठा पाठक ने प्रथम स्थान अनुष्का गुप्ता एवं सदरा अली ने द्वितीय स्थान तथा संचित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था इन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने साहू रामस्वरूप महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई करते हुए स्वैच्छिक श्रमदान किया। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।



**साहू रामस्वरूप में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का मनाया गया समापन दिवस**

गंभीर न्यूज़ संवाददाता

बरेली। साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति सिंह के संयुक्त तत्वावधान में " स्वच्छता पखवाड़ा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के "स्वच्छता पखवाड़ा" के अंतर्गत आज 2 अक्टूबर को समापन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अनुपम मेहरोत्रा जी द्वारा ध्वजारोहण के साथ गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात 01 फरवरी को आयोजित "आत्मनिर्भर भारत" शीर्षक पर "भाषण प्रतियोगिता" में प्रतिष्ठा पाठक ने प्रथम स्थान अनुष्का गुप्ता एवं सदरा अली ने द्वितीय स्थान तथा संचित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था इन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने साहू रामस्वरूप महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई करते हुए स्वैच्छिक श्रमदान किया। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।



**गांधी जयंती पर किया वृक्षारोपण , नुक्कड़ नाटक का आयोजन**

**9 अक्टूबर 2024**

**भूतपूर्व छात्रा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया डांडिया महोत्सव**

आज दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में भूतपूर्व छात्रा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में लगभग 100 छात्राओं एवं भूतपूर्व छात्राओं ने हिस्सा लिया और गुजराती संस्कृति की झलक का आनंद लिया। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में श्रीमती अमिता अग्रवाल निदेशिका "एक उम्मीद" एवं डॉ० शोभा कुदेशया सेवानिवृत् टीका राम डिग्री कॉलेज अलीगढ़ तथा प्रो० रुचि गुप्ता संगीत विभाग साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा जी के निर्देशन एवं डॉ० गीता अग्रवाल जी के संयोजन में आयोजित किया गया।इस अवसर पर भूतपूर्व छात्रा समिति की प्रो० ज्योति शर्मा, डॉ० सीमा गौतम,डॉ० आकांक्षा रस्तोगी,डॉ० ज्योति गुप्ता की विशेष भूमिका रही। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान सृष्टि, द्वितीय स्थान अलीशा, तृतीय स्थान निशा शर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही।







**15 अक्टूबर 2024**

## मेडिकल हेल्प समिति के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 15/10/2024 को साहू रामस्वरुप महिला महाविद्यालय, बरेली में मेडिकल हेल्प समिति के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर 2024 के तहत अक्टूबर माह में (थीम -it is time to prioritize mental health in the workplace) आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में से एक रहा। कार्यक्रम में डॉ० आशीष और डॉ० मनमोहन जी ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में छात्राओं को अवगत कराया तथा समाज में लगातार बढ़ रहे मानसिक तनाव के लक्षण एंव उपचार के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात डॉ०. मनमोहन जी ने स्वास्थ्य से संबंधित छात्राओं के जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। जिला चिकित्सालय द्वारा छात्राओं को पैम्फलेट एवं रिफ्रेशमेंट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ० प्रतिभा पांडेय, डॉ० अनीता, सुश्री प्रियंका सिंह, डॉ०. अभिलाषा सारस्वत ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में हिंदी शोध छात्र अंकेश कुमार, विजय कुमार तथा 110 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एम.ए.हिंदी की छात्रा यशी सक्सेना ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ०. प्रतिभा पांडे ने किया।





**18 अक्टूबर 2024**

## साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में अंतर महाविद्यालय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 18.10. 24 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में अंतर महाविद्यालय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति की उपाध्यक्षा डॉ० शशि बाला राठी तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा स्वर्गीय कुंवर ओम अवतार जी की 90 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए किया गया। इस प्रतियोगिता में 9 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें राजकीय महिला महाविद्यालय बीसलपुर, जी एफ कॉलेज शाहजहांपुर, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद ,आर्य महिला महाविद्यालय शाहजहांपुर, गोकुल दास महाविद्यालय मुरादाबाद ,कन्या महाविद्यालय भूड़ बरेली, महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय कैंपस, तथा साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली की टीमें शामिल हुई। सेमी फाइनल साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली एवं एम. जे. पी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय, कैंपस के बीच तथा जी. एफ. कॉलेज ,शाहजहांपुर एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के मध्य हुआ। फाइनल साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय तथा जी. एफ कॉलेज, शाहजहांपुर के मध्य हुआ जिसमें साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय विजयी रहा। विजयी टीम साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय तथा रनर अप टीम जी. एफ. कॉलेज, शाहजहांपुर को प्रबंध समिति के श्री आनंद गोयल जी ने नगद पुरस्कार दिया। संपूर्ण प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में प्रो० चारू मेहरोत्रा, प्राचार्या गोकुलदास महाविद्यालय , मुरादाबाद ने विशेष सहयोग दिया। टेबल टेनिस विशेषज्ञ श्री संजीव सक्सेना व अमित सक्सेना जी रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका क्रीड़ा प्रभारी प्रीति वर्मा, डॉ० सीमा गौतम, डॉ०. प्रतिमा सिंह, डॉ० आकांक्षा रस्तोगी, डॉ०. ज्योति गुप्ता, तथा महाविद्यालय की सभी वरिष्ठ शिक्षिकाएं शामिल हुई। महाविद्यालय की टेबल टेनिस कोच शिखा का प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



STAG
APPROVED BY T.T.F.I.





**21 अक्टूबर 2024**

## शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा "कालेज छात्राओं में परीक्षा भय एवं तनाव " विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन

आज दिनाँक- 21/10/2024 को साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा "कालेज छात्राओं में परीक्षा भय एवं तनाव " विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रभारी प्रो० राधा यादव ने परीक्षा से पहले छात्राओं में परीक्षा भय के संबंध में मानव व्यावहार की महत्पूर्ण जानकारी दी तथा कहां कि परीक्षा भय एक मानसिक विकार है, जो बहुत छात्राओं में पाया जाता है। यह एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें परीक्षा के भय के कारण बच्चों उत्साह स्टार में कमी आने लगती है और मानसिक तनाव ज्यादा होने लगता है, और अपना विषय कठिन प्रतीत होने है। इस स्थिति से कैसे बाहर आया जाए तथा कैसे तैयारी की जाए, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में बी. ए. एवं एम. ए. की 50 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं से परीक्षा भय से संबंधित एक प्रश्नावली भरने को दी गई। जिसके अध्ययन के बाद छात्राओं को परीक्षा भय से संबंधित जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। छात्राओं ने कार्यक्रम को बहुत उपयोगी पाया।

**22 अक्टूबर 2024**

## कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में आज दिनांक 22.10.2024 को एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एम० ए० प्रथम एवं एम० ए० तृतीय सेमेस्टर की 10 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने ट्रैजिक, काल्पनिक और सत्य घटनाओं पर कहानी लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन विभाग प्रभारी डॉ०० बीना यादव के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आतिका द्वितीय स्थान पर आशिया और तृतीय स्थान पर अजमी शेख रही। सांत्वना पुरस्कार इरम को दिया गया। विभाग की शिक्षिकाओं श्रीमती श्वेता मौर्य, डॉ००प्रियंका वर्मा, डॉ०० रूचि अग्रवाल, श्रीमती अफरोज जहां, मिस रमसा सिद्दीकी ने प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग किया। छात्राओं को भविष्य में प्रो०त्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया गया।



CITYLIGHTS/CHAI-TIME

**एसआरएस में कहानी लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (22 Oct):** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें एमए प्रथम अवम एमए तृतीय सेमेस्टर की 10 छात्राओं ने प्रतिभाग किया. छात्राओं ने ट्रैजिक, काल्पनिक और सत्य घटनाओं पर कहानी लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया. प्रतियोगिता का आयोजन विभाग प्रभारी डॉ. बीना यादव के निर्देशन में किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आतिका द्वितीय स्थान पर आशिया और तृतीय स्थान पर अजमी शेख रही. सांत्वना पुरस्कार इरम को दिया गया. विभाग की शिक्षिकाओं श्वेता मौर्य, डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. रूचि अग्रवाल, अफरोज जहां, रमसा सिद्दीकी ने प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग किया. छात्राओं को भविष्य में प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया गया.

**22 अक्टूबर 2024**

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत की ओर आत्म सशक्त महिलाएं' कार्यक्रम का आयोजन

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में  स्वर्गीय कुंवर ओम अवतार जी की जयंती को सत्र 2024 -25 में एक पुण्य स्मरण उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आज दिनांक 22.10.24 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महिला आत्म सशक्तिकरण कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत की ओर आत्म सशक्त महिलाएं 'कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अर्थशास्त्र विभाग की विभिन्न छात्राओं में सानिया अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, ओबामा, आद्या तथा वैष्णवी ने  अपने विचारों के माध्यम से स्त्री के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला। बेटी के रूप में बेटी को घर की रौनक तथा भविष्य का यश बताया। अर्धांगिनी के रूप में स्त्री  घर परिवार को साथ में लेकर समाज को सशक्त करती है। मां के रूप में उसके वात्सल्य की शक्ति ही  समाज की शक्ति होती है। महिला सशक्तिकरण में आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण पर कु० वैष्णवी ने प्रभावशाली ढंग से विचार रखें जिनसे उसने सभागार में उपस्थित छात्राओं में आत्म सशक्तिकरण की चेतना को जगाया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के कुल गीत "दिशा दशा में शिक्षित नारी उदय हो" की शपथ ली ।प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा ने छात्राओं के विचारों की प्रशंसा की तथा उनको आत्म सशक्तिकरण के पद पर अग्रसर रहने के लिए प्रो०त्साहित किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रो० अनामिका कौशिवा, श्रीमती अर्चना शर्मा, डॉ० रीना टंडन, प्रज्ञा रावत ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।




**24 अक्टूबर 2024**

## गृह विज्ञान विभाग द्वारा कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय  के गृह विज्ञान विभाग द्वारा आज दिनांक 24.10.24 को एक कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इसमें पिड़ेलाइट इंडस्ट्री से आए श्री राकेश अग्रवाल एवं श्री राकेश शर्मा ने छात्राओं को गृह विज्ञान विषय लेने से उत्पन्न होने वाले कैरियर ऑप्शन्स की जानकारी दी। उन्होने छात्राओं को समझाया की  वो कैसे अपने हुनर को तराश कर घर बैठे ही इंकम जेनरेट कर सकती हैं, तथा आत्मनिर्भर होकर अपनी व अपने परिवार की सहायता कर सकती हैं। पिड़ेलाइट इंडस्ट्री व महाविद्यालय के बीच एक समझौता पत्र (MOU) भी साइन हुआ। गृह विज्ञान विषय  के अन्तर्गत गृह प्रबंध तथा टेक्सटाइल्स के कोर्स के अन्तर्गत छात्राएँ पीडिलाइट द्वारा आयोजित सेशन से समय-समय पर लाभान्वित होती हैं। इस सत्र में प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। सत्र के समापन पर 63 छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम गृह विज्ञान की सहायक प्राध्यापिकाओं डॉ०. अभिलाषा गौड़ सारस्वत एवं डॉ०. गीत चावला के निर्देशन में श्रीमती नेहा गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुआ।



**25 अक्टूबर 2024**

## क्रीडा परिषद एवं शारीरिक शिक्षा विभाग साहू रामस्वरूप  महिला महाविद्यालय, बरेली द्वारा अंतर महाविद्यालय योग प्रतियोगिता का आयोजन

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में स्वर्गीय कुंवर ओम अवतार जी की जयंती को सत्र 2024-25 में एक पुण्य स्मरण उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आज दिनांक 25.10. 24 को क्रीडा परिषद एवं शारीरिक शिक्षा विभाग साहू रामस्वरूप  महिला महाविद्यालय, बरेली द्वारा अंतर महाविद्यालय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।  कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका के विमोचन प्रो॰ चारु मेहरोत्रा, डॉ॰ गरिमा सिंह तथा प्रो॰ अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा किया गया। योग प्रतियोगिता में पांच टीमों ने प्रतिभागिता की जिसमे आर्य महिला कॉलेज, शाहजहांपुर, तथा कन्या महाविद्यालय भूड़ बरेली, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली,बरेली कॉलेज बरेली, एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय कैंपस रही। प्रतियोगिता में साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय प्रथम आर्य महिला महाविद्यालय, शाहजहांपुर द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का निर्णय डॉ॰ हिना माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी तथा दयाशंकर जी द्वारा किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में प्रो॰ चारू मेहरोत्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की आयोजन  सचिव डॉ॰ प्रीति वर्मा, तथा आयोजन समिति के सदस्य, डॉ॰ सीमा गौतम, डॉ॰ आकांक्षा रस्तोगी, डॉ॰ प्रतिमा सिंह, डॉ॰ श्वेता मौर्य, डॉ॰ प्रियंका वर्मा, डॉ॰ अफरोज, डॉ॰ रीना टंडन तथा  डॉ॰ प्रज्ञा रावत का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय की योग प्रशिक्षक रचना पटेल एवं शिखा ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया।



**11 नवंबर 2024**

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर साहू रामस्वरूप महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

11 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर साहू रामस्वरूप महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्तमान में डिजिटल युग में अधिकतर कार्य इंटरनेट पर आधारित हो गए हैं, और शिक्षा का डिजिटलीकरण भी तेजी से हो रहा है। विद्यार्थियों की शिक्षा और मनोरंजन का प्रमुख साधन अब इंटरनेट बन गया है। इसी संदर्भ में प्रतियोगिता का विषय रखा गया: "क्या विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट का उपयोग सीमित होना चाहिए?" इस प्रतियोगिता में बी.ए. और एम.ए. की छात्राओं ने भाग लिया और विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार व्यक्त किए, जिससे प्रतियोगिता अत्यंत रोचक हो गई। विषय के पक्ष में एम.ए. की छात्रा रहनुमा, कौशिकी, काजल, तान्या, साइमा और अन्य छात्राओं ने अपने विचार रखे। एम.ए. की छात्रा रहनुमा ने कहा कि इंटरनेट शिक्षा का माध्यम है, परंतु यह शिक्षा का एकमात्र आधार नहीं बन सकता। एम.ए. की छात्रा साइमा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि गूगल ने आज शिक्षक की भूमिका को सीमित कर दिया है, जिससे गुरु-शिष्य के बीच का रिश्ता प्रभावित हो रहा है। बी.ए. की छात्रा कौशिकी ने बताया कि इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य और कल्पना शक्ति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है; इसलिए इसका सीमित उपयोग ही उचित है। विषय के विपक्ष में एम.ए. की छात्रा काजल, बी.ए. की छात्रा आयुषी सक्सेना, शिफा आसिफ और अन्य छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए। एम.ए. की छात्रा काजल ने कहा कि इंटरनेट आज हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण साधन बन गया है और इसका महत्व हर क्षेत्र में है। इंटरनेट का उपयोग कैसे करना है, यह उपयोगकर्ता पर निर्भर करता है। बी.ए. की छात्रा आयुषी ने बताया कि इंटरनेट का सही उपयोग साइबर क्राइम जैसी गतिविधियों से बचने में मदद करता है और समाज में फैल रही अवांछनीय गतिविधियों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा महरोत्रा के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो०. कनकलता सिंह और इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ०. सीमा गौतम शामिल थीं। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षाशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो० राधा यादव, विभाग की असिस्टेंट प्रो० श्रीमती महिमा यादव तथा डॉ० दिव्या यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ० सीमा अग्रवाल व डॉ० प्रतिमा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। यह वाद-विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुई, जहां उन्होंने इंटरनेट के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को समझा।




"राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
11, नवम्बर
शिक्षा शास्त्र विभाग
साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय, बरे
वाद-विवाद
प्रतियोगिता
11.11.2024

11 नवंबर 2024

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'अध्ययन से शोध की ओर' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का सुभारम्भ

आज दिनांक 11.11. 24 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'अध्ययन से शोध की ओर 'विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का सुभारम्भ किया गया जिसमें कार्यशाला के प्रथम दिन प्रो० पूनम सिंह के निर्देशन में प्री समीशन वाय्वा शोधार्थी मोहम्मद महफूज के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रो० पूनम सिंह ने शोध के प्रति छात्राओं की रुचि जागरूक करते हुए बताया कि शोध कार्य जीवन पर्यंत चलता रहता है छात्राओ को इसी सकारात्मक सोच के साथ भविष्य में शोधार्थी बनना चाहिए किंतु इसमें मौलिकता होना आवश्यक है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रो० अनामिका कौशीवा ने इस सात दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्य एवं रूपरेखा से छात्राओं को अपगत कराया जिसका अंतिम उद्देश्य शोध के प्रति छात्राओं को जागरूक करना जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का केंद्र बिंदु है। प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा ने कार्यशाला को सफल बनाने के लिए छात्राओ का उत्साह वर्धन किया तथा शुभकामनाएं दी। कार्यशाला में प्रो० शशि शुक्ला, प्रो० कनक लता सिंह, प्रो० प्रीती पाठक, डॉ० सीमा गौतम, डॉ० कोमल मित्तल, श्रीमती अर्चना शर्मा, डॉ० रीना टंडन, श्रीमती निशा आदि का विशेष सहयोग रहा।



**20 नवंबर 2024**

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

आज दिनांक 20.11.24 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। इन सात दिनों में छात्राओं ने डाटा कलेक्शन, रिसोर्सेस ऑफ़ रिसर्च, फील्ड वर्क, बिबलियोग्राफी प्लेगिरिज्म आदि के बारे में विस्तार से जाना। आज कार्यशाला के समापन दिवस में श्रीमती अर्चना शर्मा एवं डॉ० रीना टंडन ने छात्राओं को अनुसूची व प्रश्नावली बनाना सिखाया जिसे सीख कर छात्राओं ने  स्वयं प्रश्नावली बनाई जिसका विषय सोशल मीडिया का प्रयोग विद्यार्थियों द्वारा तथा ऑनलाइन शॉपिंग था। इस प्रश्नावली को छात्राओं ने महाविद्यालय की छात्राओं से कर भरवाया। प्रो० अनामिका कौशिवा ने छात्राओं को प्रश्नावली द्वारा एकत्रित जानकारी का विशेषण कैसे किया जाता है को सविस्तार बताया। अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विभागाध्यक्षा प्रो० अनामिका कोशिका, श्रीमती अर्चना शर्मा, डॉ० रीना टंडन ने छात्राओं से फीडबैक फॉर्म भरवा कर कार्यशाला का समापन किया। छात्राएं इस सात दिवसीय में कार्यशाला में उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं।




WORKSHOP
" अध्ययन से शोध की ओर "
11th Nov 2024 to 21st Nov 2024
ECONOMICS DEPARTMENT


ECONOMICS DEPARTMENT
SAHU RAM SWAROOP MAHILA MAHAVIDHYALAY
BAREILLY
WORKSHOP DAY -6

**23 नवंबर 2024**

## भारतीय भाषा, संस्कृति और कला प्रकोष्ठ, हिंदी विभाग एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 23.11.2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में भारतीय भाषा, संस्कृति और कला प्रकोष्ठ, हिंदी विभाग एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कहानी का शीर्षक "कुटुंब" रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय संयुक्त मंत्री कवि रोहित राकेश ने टूटते परिवार के परिवेश को देखते हुए इसके कुटुंब शीर्षक रखने पर अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष,साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की प्रांतीय महामंत्री डॉ॰ शशि बाला राठी जी ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए वर्तमान समय में परिवार की महत्ता के संदर्भ में अपने भाव व्यक्त किये। इस अवसर पर भारतीय भाषा संस्कृति और कला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो॰ रुचि गुप्ता,डॉ॰ सीमा गौतम डॉ॰बीना यादव, हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ॰ प्रतिभा पांडे और डॉ॰ अनीता, संस्कृत की शिक्षिका शिल्पी शर्मा तथा हिंदी शोध छात्र विजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 44 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विषय की एम.ए. की छात्रा यशी सक्सेना के द्वारा किया गया और अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो॰ अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो॰ अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।




साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
भारतीय भाषा, संस्कृति और कला प्रकोष्ठ
हिन्दी विभाग
एवं
अखिल भारतीय साहित्य परिषद
तिथि: 23.11.2024
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
हिन्दी विभाग


साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
हिन्दी विभाग
vivo V30
11/23/2024, 12:45

**25 नवंबर 2024**

## विश्वविद्यालय स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की वैष्णवी अग्रवाल को तृतीय स्थान

महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा 25.11.24 को आयोजित "जलवायु परिवर्तन समस्या एवं समाधान" विषय पर यूनिवर्सिटी लेवल डीबेट कंपटीशन में महाविद्यालय की दो छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें अर्थशास्त्र विभाग की बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा कुमारी वैष्णवी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा अनुष्का ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया। यह छात्राएं रीजनल लेवल डिबेट कंपटीशन में प्रतिभा करेंगी।



27 नवंबर 2024

आज दिनांक 26 नवंबर 2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विधिक परामर्श समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्राओं के शपथ ग्रहण एवं बरेली कॉलेज बरेली राजनीति विभाग की प्रो० वंदना शर्मा के अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा ने की। सर्वप्रथम संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई। शपथ का वाचन कु० प्रतिष्ठा पाठक द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता प्रो० वंदना शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रो० वंदना शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है तथा लोकतंत्र की आधारशिला है। जिसके अंतर्गत हमें विभिन्न प्रकार के मौलिक अधिकार प्राप्त हुए हैं इसलिए हमें संविधान के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव रखना चाहिए। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो० शशि शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान हमें समाज में अपना योगदान देने का अवसर प्रदान करता है, इसलिए हमें इसका सम्मान करना चाहिए। इसी क्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं सुप्रिया गुप्ता, अनुरा यादव, वंदना माथुर आदि द्वारा संवैधानिक जागरूकता पर किए गए सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संयोजन विधिक परामर्श समिति की संयोजिका प्रो० प्रीति पाठक, प्रो० कनकलता सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई की संयोजिका डॉ०. अनीता व डॉ०. प्रीति सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ०. प्रीति सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वितीय इकाई ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो०. प्रीति पाठक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।




विधिक परामर्श समिति
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
संविधान दिवस
26 नवम्बर 2024
राष्ट्रीय सेवा योजना
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
vivo V30
11/26/2024, 11:16


विधिक परामर्श समिति
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
संविधान दिवस
राष्ट्रीय सेवा योजना
साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली
GPS Map Camera
Google
Bareilly, Uttar Pradesh, India
177/9, Pilikothi, Gangapur, Bareilly, Uttar Pradesh
243005, India
Lat 28.361186° Long 79.423441°
26/11/24 12:03 PM GMT +05:30

27 नवंबर 2024

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 27.11.2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली, के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय "वर्तमान परिवेश में फैशन पर सोशल मीडिया का प्रभाव" था। इस विषय पर 10 छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की 81 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में छात्राओं ने फैशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी प्रकाश डाला, साथ ही फैशन पर मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव को भी बताया। कार्यक्रम की विजेता छात्राओं में साविस्ता फातिमा प्रथम, अर्चना मंडावत द्वितीय, मुस्कान एवं गार्गी राजीव श्रीवास्तव तृतीय, देवांगी राय को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मल्होत्रा द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० कनकलता सिंह के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम के आयोजन में डॉ०. प्रतिमा सिंह की भूमिका अग्रणी रही।कार्यक्रम में विभाग की श्रीमती सीमा अग्रवाल व रेखा पांडे का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रो० कनकलता सिंह के द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय
समाजशास्त्र विभाग
भाषण प्रतियोगिता
Speech
COMPETITION
GPS Map Camera
Google
Bareilly, Uttar Pradesh, India
9c6f+fc9, Pilikothi, Gangapur, Bareilly, Uttar Pradesh 243003, India
Lat 28.361207° Long 79.423471°
27/11/24 11:09 AM GMT +05:30


## वाणिज्य विभाग द्वारा एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 27 नवंबर 2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन मार्केटिंग, हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, इंपोर्टेंस ऑफ़ बिजनेस कम्युनिकेशन, इत्यादि विषयों पर अपनी प्रेजेंटेशन दी। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में बड़े उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। अर्थशास्त्र विभाग की डॉ० रीना टंडन और डॉ० अर्चना शर्मा द्वारा प्रतिभागी छात्राओं की प्रशंसा और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ० प्रज्ञा रावत, डॉ० श्वेता अग्रवाल, प्रगति अग्रवाल, श्रुति मेहरोत्रा, मेहनाज तथा अंजलि उपस्थित रही।



**पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन**

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन मार्केटिंग, हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट ,फाइनेंशियल मैनेजमेंट , इंपोर्टेंस ऑफ़ बिजनेस कम्युनिकेशन,इत्यादि विषयों पर अपनी प्रेजेंटेशन दी। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में बड़े उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। अर्थशास्त्र विभाग की डॉक्टर रीना टंडन और डॉक्टर अर्चना शर्मा द्वारा प्रतिभागी छात्राओं की प्रशंसा और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रज्ञा रावत, डॉक्टर श्वेता अग्रवाल ,प्रगति अग्रवाल ,श्रुति मेहरोत्रा, मेहनाज तथा अंजलि उपस्थित रही।



**3 दिसम्बर 2024**

## संगीत विभाग के तबला विषय के अंतर्गत एक वाद्य यंत्र मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 3/12/2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग के तबला विषय के अंतर्गत एक वाद्य यंत्र मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विभिन्न वाद्य यंत्रों जैसे तबला ,ढोलक ,पखावज ,गिटार, सितार,वीणा, हारमोनियम डमरू, हार्प आदि वाद्य यंत्रों के छोटे-छोटे प्रारूप वेस्ट मटेरियल से बनाएं। व वाद्ययंत्रों के मॉडल की एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने प्रतिभाग लिया जिसमें प्रथम आरती, गार्गी द्वितीय स्थान पारुल, नाश्ताइन तृतीय पायल, आकांक्षा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त विभागों की शिक्षिकाएं उपस्थित रही। निर्णायक मंडल में प्रो० रुचि गुप्ता प्रो० ज्योति शर्मा डॉ० अलका जायसवाल रही। संगीत विभाग से डॉ०. प्रीति सिंह ,डॉ० आकांक्षा रस्तोगी , कुमारी खुशबू का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संयोजन डॉ० दीपशिखा सिंह व डॉ० अंजु मिश्रा द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम प्राचार्या प्रो० अनुपमा मल्होत्रा जी के निर्देशन में संपन्न हुआ।




Infinix SMART8


वाद्य यंत्र
मॉडल प्रतियोगिता
Parul Agarwal

7 दिसम्बर 2024

## ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में जीवन बीमा निगम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 7 दिसंबर 2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में जीवन बीमा निगम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीवन बीमा निगम कैंट के शाखा प्रबंधक श्री पारेश कुमार सिंह जी द्वारा एलआईसी की नई योजना बीमा सखी के बारे में छात्राओं को बताया गया। एलआईसी की नवीन योजना का शुभारंभ 9 दिसंबर 2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी द्वारा पानीपत में किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत महिला एजेंट को ₹7000 प्रति माह प्रथम वर्ष में Stipend ,द्वितीय वर्ष में ₹6000 प्रति माह stipend तथा तृतीय वर्ष में 5000 stipend तथा अतिरिक्त कमीशन ,बोनस प्राप्त होने की संभावना है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की और योजना को गंभीरता से समझा। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा की निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एलआईसी के प्रमुख सलाहकार श्री आशीष अग्रवाल जी ने भी एलआईसी की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को पॉलिसी पर प्राप्त होने वाले कमीशन और बोनस की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो० कनिका अग्रवाल, प्रो० सीमा अग्रवाल, डॉ० गीत चावला, डॉ० अलका जायसवाल, डॉ० प्रज्ञा रावत ,डॉ० श्रद्धा मिश्रा, डॉ० प्रियंका और श्रीमती रेखा पांडे उपस्थिति रही।




प्रशिक्षण एवं स्थानन प्रकोष्ठ
NATIONAL CADET CORPS


प्रशिक्षण एवं स्थानन प्रकोष्ठ

## मेडिकल हेल्प डेस्क समिति के तत्वावधान दो दिवसीय प्रकृति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 7.12.2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली में मेडिकल हेल्प डेस्क समिति के तत्वावधान दो दिवसीय प्रकृति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज से डॉ० आभा द्विवेदी (रीडर),डॉ० प्रणव गौतम (लेक्चरर) तथा उनकी टीम आयुषी वर्मा, विशाल राय, शिवम गुप्ता, अनामिका यादव, देवेश कुमार, निमिषा, शशि प्रभा, शालीन, देवेश, रागिनी, कुसुम, प्रज्ञा ने आयुर्वेदिक पद्धति के द्वारा महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओ का प्रकृति परीक्षण किया गया तथा द्वितीय दिवस (समापन) में सभी छात्राओं तथा कार्यालय कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। इसका उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन प्रकृति परीक्षण एप के माध्यम से लोगो की 'प्रकृति' का आकलन करना है। कार्यक्रम में प्रकृति परीक्षण की विधि को सभी छात्राओं को सिखाया गया। सभी छात्राओं ने डिजिटल ऐप पर इस कार्य के लिए स्वयं को पंजीकृत किया है। इस परीक्षण के पश्चात छात्राओं को डिजिटल प्रकृति कार्ड प्राप्त हुआ तथा विभिन्न ऋतुओं के अनुसार आहर,दिनचर्या, परहेज आदि से संबंधित विभिन्न जानकारी भविष्य मेंप्राप्त होती रहेगी। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मेडिकल हेल्प डेस्क समिति की डॉ० प्रतिभा पांडे, डॉ० अनीता तथा सुश्री प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।





GPS Map Camera
Bareilly, Uttar Pradesh, India
177/9, Pilikothi, Gangapur, Bareilly, Uttar Pradesh 243005, India
Lat 28.36115° Long 79.423296°
07/12/24 12:48 PM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Bareilly, Uttar Pradesh, India
177/9, Pilikothi, Gangapur, Bareilly, Uttar Pradesh 243005, India
Lat 28.361222° Long 79.42328°
06/12/24 11:42 AM GMT +05:30
Google

10 दिसम्बर 2024

## राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में ‘एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान‘ का आयोजन

आज दिनांक 10.12.2024 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में ‘एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान’ का आयोजन किया गया जिसमें प्रो०. विपिन कुमार नीरज, राजनीति विज्ञान विभाग, उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम मानवाधिकार चार्टर के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात उन्होंने वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन को रूस, यूक्रेन, इजरायल, फिलिस्तीन, सीरिया, बांग्लादेश आदि देशों में फैली अस्थिरता के माध्यम से चिन्हित किया। उन्होंने उक्त समस्याओं के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की उदासीनता पर भी प्रश्न चिन्ह लगाए और कहा कि वैश्विक शांति युद्ध नही बल्कि बुद्ध के मार्ग पर चलने से ही प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा एवम प्रगति के साथ सामूहिक सुरक्षा व प्रगति पर भी बल दिया। उन्होंने महिलाओं, दलितों, बच्चों, एवम थर्ड जेंडर के अधिकारों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०. अनुपमा मेहरोत्रा ने की। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की लगभग 45 छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की शिक्षिकाएँ सुश्री सोनिया हुसैन एवम श्रीमती मीनू बंग तथा शोध छात्र अमित कुमार उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती श्रद्धा मिश्रा ने किया। विभागाध्यक्षा प्रो०. प्रीती पाठक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।







20 दिसम्बर 2024

**महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में क्रिसमस सेलिब्रेशन्स कार्यक्रम का आयोजन**

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में आज दिनांक २०.१२.२४ को एक क्रिसमस सेलिब्रेशन्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।छात्राओं ने क्रिसमस थीम पर ट्री के मॉडल्स, प्रॉप्स, बोर्ड डेकोरेशंस, संता क्लॉस तथा क्रिसमस ट्री की गिफ्ट्स को स्वयं वेस्ट मैटेरियल से तैयार कर के प्रदर्शित किया।ऐसा इसलिए क्यूंकि विभिन्न संस्कृतियों के त्योहार तथा मान्यताओं को सीखने तथा मनाने में गृह विज्ञान विभाग की छात्राएँ हमेशा अग्रिणी रहती हैं ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अनुपमा मेहरोत्रा ने छात्राओं के कार्य की सराहना की एवं उनका उत्साहवर्धन किया। एमएससी तथा बी. एससी. ग्रह विज्ञान की छात्राएं साक्षी पांडे, तैयबा, दरक्षा, डिव्या, प्रीती, शिवानी आदि ने बहुत सुंदर कार्य की प्रस्तुति की।कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग की असिस्टेंट प्रो०फेसर्स डॉ० अभिलाषा गौड़ सारस्वत, डॉ० गीत चावला एवं श्रीमती नेहा गुप्ता, सुश्री एंजेलिना एवं सुश्री स्वाति का निर्देशन रहा ।



**भूतपूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता' का आयोजन**

आज दिनांक 20/12/2024 को भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालययीय छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम॰ ए॰ हिन्दी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा यशी सक्सेना, द्वितीय स्थान एम॰ ए॰ संगीत तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सृष्टि, तृतीय स्थान एम॰ ए॰ संगीत तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मिष्ठी शुक्ला एवं सांत्वना पुरस्कार एम॰ ए॰ हिन्दी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा नेहा पुरुसवानी को प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल की भूमिका का निर्वहन डॉ०॰ आकांक्षा रस्तोगी एवं श्रीमती शिल्पी शर्मा ने किया। प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा के कर-कमलों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० प्रतिभा पाण्डेय, हिन्दी विभाग की शिक्षिका डॉ० अनीता, संस्कृत विभाग की शिक्षिका श्रीमती शिल्पी शर्मा, संगीत विभाग की शिक्षिका डॉ० आकांक्षा रस्तोगी उपस्थित रहीं। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।









संरक्षिका

प्रो॰ अनुपमा मेहरोत्रा, प्राचार्या

सम्पादक मण्डल

डॉ॰ प्रतिमा सिंह, प्रधान संपादिका

डॉ॰ रूचि अग्रवाल, संपादिका

श्रीमती अफरोज जहां, संपादिका

डॉ॰ दिव्या यादव, संपादिका